पत्रिका TV देखने के लिए... रेडिएन्ट: 345. डेन : 332
हैथवे : 218 . टाटा स्काई : 581 .
एयरटेल : 353 . डीजी केबल : 224

इंटरप्रेन्योर प्रीयम बुधिया ने जीता अंतरराष्ट्रीय अवार्ड

कोलकाता @ पत्रिका. महानगर की इंटरप्रेन्योर प्रीयम बुधिया ने अंतरराष्ट्रीय अवार्ड जीता है। प्रियम ने फैमिली बिजनेस नेटवर्क (एफबीएन) नेक्स्ट जनरल लोंबार्ड ओडियर पीपुल्स च्वाइस अवार्ड 2020 जीता और वह अपनी जल संरक्षण परियोजनाओं के लिए नामांकित हुई।

इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार में 26 से अधिक देशों के प्रतिभागी शामिल थे। 1989 में स्थापित एफबीएन का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने में है। एफबीएन 65 देशों में फैले सदस्य संघों का एक संघ है जो 4,000 व्यावसायिक परिवारों को साथ लाता है।

इसमें 16,000 व्यक्ति शामिल हैं, जिनमें से 6,400 अगली पीढ़ी के हैं। 65 देशों के 6,400 युवा व्यवसायी परिवार के सदस्य हैं उनका मिशन व्यापार में परिवारों के अगली पीढ़ी के सदस्यों को बनाए रखना, समर्थन और सक्रिय करना है।पैटन ग्रुप सरकार से मान्यता प्राप्त एक्सपोर्ट हाउस और आईएसओ 9001:2015 संगठन है, जो यूएसए, कनाडा, मैक्सिको, जर्मनी आदि के लिए प्रीमियर स्टील नाली फिटिंग का निर्माण और निर्यात करता है। प्रियम बुधिया पैटन ग्रुप के बिजनेस डेवलपमेंट की प्रेसीडेंट है। उन्होंने वाटर-ऑन-व्हील्स विकसित करने वाले इनोवेशन वर्टिकल को लॉन्च किया है।

PATTON®